# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान 3.0 की हुई शुरुआत

## बोरिया, इमलिया बोहता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,5 जून. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान 3.0 की शुरूआत की गई। छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक-22 बोरिया, इमलिया बोहता क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर जिला स्तर पर इसकी शुरूआत की गई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया.**

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्व-सहायता समूहों के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान महापौर विक्रम अहके ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ न केवल जल एवं वायु को शुद्ध रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को फल, फूल और स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पौधों का पालन-पोषण अपने बच्चों की तरह करना होगा, क्योंकि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। शेषराव यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विभिन्न विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जब हम स्वस्थ होंगे तभी देश तरक्की करेगा। सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि पौधों का संरक्षण अपने बच्चों की तरह करेंगे। वन एवं वृक्षों के लगातार नष्ट होने से भूजल स्तर गिर रहा है, जिसका समाधान केवल पौधारोपण और उनके संरक्षण में ही निहित है। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कहा कि समय के साथ पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है, वहीं पर्यावरणीय परिस्थितियों में भी परिवर्तन देखने को मिला है। पिछले कुछ वर्षों में शहरों का तापमान लगातार बढ़ रहा है और देश के कई शहर उच्च तापमान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने छिंदवाड़ा की भौगोलिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि पठारी क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां का तापमान अन्य शहरों की तुलना में अपेक्षाकृत कम रहता है। उन्होंने जिलेवासियों से पौधारोपण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया है।

### शासकीय पीजी कॉलेज में किया गया पौधारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज छिन्दवाड़ा में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश देते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई एवं प्राचार्य लक्ष्मीचन्द ने मुख्य रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्ष भारत घई और प्राचार्य लक्ष्मीचन्द ने महाविद्यालय परिसर में सघन पौधारोपण किया। पौधारोपण के बाद महाविद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अनवरत योगदान देने वाले स्वच्छता साथियों के साथ मिलकर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अध्यक्ष एवं प्राचार्य सहित उपस्थित सभी अतिथियों ने स्वयं झाड़ू थामकर श्रमदान किया और स्वच्छता साथियों के सेवा भाव की सराहना की।

### जन अभियान परिषद द्वारा किया गया सामूहिक पौधारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक 01 एवं 08 के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति सिंह, अजय सिंह ठाकुर, अमित वर्खानिया, कामेश सूर्यवंशी, राहुल मंडराह, अनिमेश देशवाडे, अनिरुद्ध, अखिलेश वर्खानिया, दीपक कराडे की उपस्थिति में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर पोआमा रेल्वे गेट के पास सामूहिक रुप से फलदार पौधे लगाए गए। मता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न अवसर पर पौधारोपण किया जायेगा।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में किया गया पौधारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमपीयूडीसी की छिंदवाड़ा सीवरेज परियोजना के अंतर्गत निर्मित 28 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण परियोजना प्रबंधक जबलपुर गोपाल गुप्ता द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्लांट की संचालन व्यवस्था, उपचार प्रक्रिया एवं परियोजना की प्रगति का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एसटीपी परिसर में पौधारोपण भी किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि सीवरेज परियोजनाएं शहरों को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में सहायक हैं। निरीक्षण के दौरान पीआईयू से सहायक परियोजना प्रबंधक श्रीमती इस्मित कौर बेलिया, सिविल अभियंता राहुल ताम्रकार, सुशील बिसेन, प्रियंका सूर्यवंशी एवं संविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पेड़ चातुर्मास का शुभारंभ, नुक्क ड़ नाटक ने जीता सबका दिल



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मल्हानबाड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के समाधान हेतु पेड़ चातुर्मास अभियान के तहत वृहद पौधरोपण, बीजारोपण एवं मंदिर प्रांगण में नवग्रह वाटिका की स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योग, ध्यान और संगोष्ठी से हुई। इस आयोजन में जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक मुख्य आकर्षण रहा। नाटक के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण का बेहद मार्मिक और प्रभावी संदेश दिया गया। इस सफल नाटक का निर्देशन डॉ. पवन नेमा एवं सह-निर्देशन ऋषभ स्थापक द्वारा किया गया। मंच पर कलाकार के रूप में प्रवीण वान्दे एवं शिवांग भारद्वाज ने अपने जीवंत अभिनय से समां बांध दिया। नाटक की प्रभावशीलता और कलाकारों के शानदार अभिनय की उपस्थित सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने जमकर सराहना की।

### कलेक्टर कार्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण



एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

# पुरानी ठेके की दुकान बनी अवैध शराब बिक्री का अड्डा !



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,5 जून. ।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के अवैध शराब और अवैध अहाते बंद करने के निर्देश दिए है। इसके लिए जिला कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी को सख्त निर्देश जारी किए है।**

जिले भर में कहीं भी अवैध शराब और अहाते संचालित न किए जाएं। बावजूद इसके जिले भर में अवैध शराब और अवैध अहाते धड़ल्ले से संचालित किए जा रहे है। जिसमें एक मामला शिवपुरी शराब दुकान का आया है। यहां पुरानी दुकान को पलटवाड़ा में शिफ्ट कर दिया गया है। अब ठेकेदार विनोद सूर्यवंधी की लाइसेंसी दुकान पलटवाड़ा में संचालित की जा रही है।

बावजूद इसके ठेकेदार के कर्मचारी बुलोरो में अवैध शराब रखकर पुरानी दुकान से बेच रहे है। जबकि पुरानी दुकान को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस अवैध करोबार से इस क्षेत्र में दिन भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां के रहवासी परेशान हो गए है। युवतियों और महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है। शराब के नसे में शराबी छींकसी करने से बाज नहीं आते है। कई बार महिलाओं को शर्मिंदगी महसूस करना पड़ती है। इससे इस क्षेत्र में शराबियों ने पूरा माहौल बिगाड़ दिया है। इस मामलो में जिला आबकारी अधिकारी बीआर वैद्य से बात की तो, उन्होंने बताया कि वहां से शिवपुरी से शराब दुकान पलटवाड़ा शिफ्ट कर दी गई है। वहां कोई दुकान संचालित नहीं की जा रही है। यदि वहां से दुकान संचालित की जा रही है, तो साक्ष्य प्रस्तुत करें, सख्त कार्रवाई की जाएगी। वास्तव में स्थानीय लोगों और कुछ भाजपा नेताओं का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर नियमों के विपरीत शराब बिक्री जारी है, जिससे सामाजिक माहौल व कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है, इसलिए लगातार कार्रवाई की आवश्यकता है। स्थानीय राजनीतिक प्रतिक्रिया में भाजपा के कुछ नेताओं ने भी कार्रवाई की मांग को दोहराया और कहा कि क्षेत्र में अवैध ठिकानों पर निरंतर छापेमारी की आवश्यक है।

### डिप्टी सीएम ने जारी किए यह आदेश

नई आबकारी नीति 2026-27 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने कहा कि शासन ने नई आबकारी नीति के प्रावधानों को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित शॉप बार, समय सीमा के उल्लंघन और ओवर रेटिंग जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले मदिरा ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यालय स्तर से सभी जिला अधिकारियों को बिंदुवार दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### अवैध अहाते और अवैध शराब बिक्री पर लगाया जाएगा प्रतिबंध

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश भर के सभी कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर अवैध अहाते और अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा है कि आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम यह कार्रवाई करेगी। बावजूद इसके उपमुख्यमंत्री के निर्देशों को हवा में उड़ाया जा रहा है जिले भर में जहां-था दुकानों में अवैध आई चल रहे हैं वहीं अवैध शराब की बिक्री जोरों पर हो रही है आबकारी और पुलिस की कार्यवाही महज औपचारिकता साबित हो रही है।

### मामला नंबर-1

#### अवैध धंधों की रोकथाम को लेकर सौंपा ज्ञापन

थाना जुन्नारदेव अंतर्गत आने वाली चौकी अंबाड़ा में आज सरपंच ग्राम पंचायत अंबाड़ा सुश्री ।सुश्री भारती उइके एवं कमल राय पूर्व सरपंच के नेतृत्व में अवैध धंधो की रोकथाम व गुंडागर्दी पर नकेल कसने के लिए ग्रामवाशियो के साथ चौकी अंबाड़ा में ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान ज्ञापन देने के पूर्व सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी प्रदर्शनकारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का छायाचित्र व तिरंगा लेकर लगभग 6 घंटे धरना स्थल पर शांति पूर्वक बैठ कर अपना विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में बताया कि अवैध धंधे तत्काल बन्द कराए जाएं व जो ऐसे कृत्य कर सामाजिक बुराईयों को बढ़ावा दे रहे है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जावे। अधिकारियों ने ऐसे सभी तत्वों पर कड़ी कार्यवाही का आश्वाशन दिया है।

### मामला नंबर-2

शिवपुरी क्षेत्र में ठेकेदार के कर्मियों ने नंदकिशोर प्रजापति पर हमला कर दिया था। जिसमें उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। इस मामले में पीड़ित ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। तीन दिन पूर्व की घटना है। वही आबकारी अधिकारी जीतसिंग धुर्वे ने पांच दिन पूर्व चार पेटी शराब जब्त की। वही टीआई कंचन राजपूत ने तीन दिन पूर्व दो दिल लगातार कार्रवाई की। इस तरह लगातार हो रही कार्रवाई बता रही है कि इस क्षेत्र में लगातार अवैध शराब तस्कर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में 07 जून को

**छिन्दवाड़ा.** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 07 जून को ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत सभी की सहभागिता से साइकिल रैली का आयोजन स्थानीय पुलिस लाइन से दिनांक 07 जून दिन रविवार को सुबह 07 बजे से किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि यह रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर, इंदिरा चौराहा,पोला ग्राउंड से ईएलसी चौक से टर्न होकर कलेक्टर कार्यालय के सामने से होते हुए सत्कार चौक से वापस बस स्टैण्ड होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त होगी।

# बिना परमिट के चल रही बस को किया जब्त

## परिवहन विभाग ने बस स्टैंड में यात्री वाहनों की जांच की गई




**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,5 जून. परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज बस स्टैंड छिंदवाड़ा में यात्री वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें मुख्यतः वाहनों के परमिट, वाहन चालक का ड्रायविंग लायसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, व्ही.एल.टी.डी. डिवाईस एवं आपातकालीन द्वार पर लगी हुई सीट की जांच की गई। इस दौरान जांच दल ने बिना परमिट के चल रहे बस को जब्त कर लिया वहीं पांच वाहनों के फिटनेश निरस्त कर दिए।**

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जांच दौरान उक्त बिंदुओं में खामियां पाये जाने पर 05 यात्री वाहनों एमपी 28 पी 0452, एमपी 28 पी 1455, एमपी 28 पी 0771, एमपी 20 पीए 1176 एवं एमपी 28 पी 0574 के फिटनेस निरस्त किये गये। साथ ही 03 अन्य यात्री वाहनों पर 21,000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। एक यात्री वाहन कमांक एमपी 18 जेड एफ 4977 को परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। साथ ही यात्री वाहन संचालकों/चालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के अनुसार ही वाहनों का संचालन करें अन्यथा विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र/फिटनेस प्रमाण पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

# बाइक चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

## देहात थाना पुलिस द्वारा ने आरोपियों से बरामद की दो बाइक



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,5 जून.देहात थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई दो बाइक बरामद करने में सफलता सासिल की है.**

पुलिस ने बताया कि 2 मई को प्रार्थी रंजीत पिता सुनील डेहरिया निवासी धागडिया थाना चाँद का अपनी बाइक क्र.एमपी 28 एमएक्स 1002 से फ्रेंडस कालोनी गली न. 01 में मकान निर्माण के काम में मजदूरी करने गया था जहां से शाम करीबन 06.00 से 06.30 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मो.सा. चोरी कर ले गया एवं एक अन्य प्रकरण के प्रार्थी पंकज पिता रामकुमार डेहरिया निवासी ढीमराढाना का अपनी बाइक क्र. एमपी 28 एनए 3656 से 30 अप्रेल को ढिमराढाना शादी में गया था मो.सा. बुद्धा मैरिज गार्डन के सामने खडी कर दिया था जो किसी अज्ञात चोर ने मो.सा. चोरी कर ले गया। प्रार्थियों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध दर्ज कर किया गया था। उक्त मामले की जांच के दौरान पुलिस ने दो संदेही आकाश उर्फ अक्कू पिता रामप्यारे अहिरवार 33 साल निवासी प्रियदर्शनी कालोनी, कौशल पिता जयदेव साकरे 40 साल निवासी कृष्णा नगर हिरसत में लेकर पूछताछ की तो पूछताछ में आरोपी कौशल साकरे द्वारा बाइक क्र.एमपी 28 एमएक्स 1002 उसके पास होना स्वीकार किया एवं आरोपी आकाश पिता रामप्यारे द्वारा बाइक क्र. एमपी 28 एनए 3656 चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से चोरी की गई बाईक भी बरामद कर ली. उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी निरी. गोविन्द सिंह राजपूत, उनि हर्ष नागले, सउनि सुरेन्द्र यादव, आर. शेरसिंह, सूरज, उमेश उइके, सौरभ की मुख्य भूमिका रही।

# ननि ने अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई कर सड़क पर रखा सामान किया जब्त

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,5 जून. शनिवार को नगर निगम की टीम द्वारा शनिचरा बाजार, पानी टंकी के पास स्थित शनिचरा मार्केट, गंज स्कूल एवं जनसेवक स्कूल के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।**

नगर निगम द्वारा पूर्व में अनाउंसमेंट के माध्यम से सभी व्यापारियों एवं हाथ ठेला संचालकों को सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण न करने तथा मार्ग बाधित न करने की हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान कुछ व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किए जाने और आवागमन बाधित किए जाने की स्थिति पाई गई। इस पर नगर निगम की टीम ने संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखा सामान जब्त किया। अधिकारियों ने पुनः चेतावनी दी कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त गांधी गंज क्षेत्र में भी अनाउंसमेंट के माध्यम से सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों को सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की हिदायत दी गई। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

### कलेक्टर आयुष्मान आरोग्य मंदिर खमारपानी का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज विकासखंड बिछुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) खमारपानी का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध दवाओं, उपचार सुविधाओं एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। बिछुआ क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने स्वास्थ्य केन्द्र में एंटीवेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उनके साथ सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766